सीर खड्ड किनारे डली में बनने वाले मोक्षधाम के निर्माण पर विवाद शुरू

हमीरपुर और मंडी जिला की सीमा पर मोक्षधाम बनवाना चाहते हैं ग्रामीण

हिमाचल दस्तक ■ भोरंज

- मोक्षधाम के निर्माण के लिए गुदवीं के प्रकाश चंद ने विभाग को दान की है जमीन
- एसडीएम के सामने दोनों पक्षों में नहीं बनी सहमति

हमीरपुर व मंडी जिला की सीमा पर सीर खड्ड के किनारे डली में ग्रामीणों के सहयोग से बनने वाले मोक्षधाम के निर्माण पर विवाद शुरू हो गया हैं। इससे मोक्षधाम के निमार्ण कार्य को शुरू करने से पहले ही बंद करना पड़ा है। जानकारी के अनुसार भोरंज उपमंडल की अमरोह पंचायत के गुदवीं में स्थानीय निवासी प्रकाश चंद पुत्र रेलू राम ने ग्रामीणों की सुविधा के लिए अंतिम संस्कार को मोक्षधाम के निर्माण के लिए दो बिस्वा भूमि पंचायती राज विभाग ने नाम दान दी है।

यह राजस्व विभाग के मुताबिक भूमि मंडी जिला में आती है। जहां मोक्षधाम का निर्माण होना प्रस्तावित है। उससे करीब 200 मीटर की दूरी पर एक रिहायशी मकान तथा कुछ मकान और भी है। इससे मंडी जिला के दारपा पंचायत के गांव डली के महिला मंडल के सदस्यों ने सरकाघाट एसडीएम को शिकायत पत्र भेज पर निर्माण कार्य को रोकने की मांग की है।

महिला मंडल की शिकायत पर सरकाघाट एसडीएम में बुधवार को विवादित स्थल का दोनों भोरंज और सरकाघाट के राजस्व, ब्लॉक, पुलिस विभाग के कमर्चारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान अमरोह व दारपा पंचायत के प्रधान तथा दोनों गांवों के लोगों को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन इस पर दोनों पक्षों की ओर से सहमति न बनने के कारण विवाद खत्म नहीं हो पाया।

मंडी और हमीरपुर की सीमा पर बनने वाले मोक्षधाम के विवादित निर्माण स्थल का निरीक्षण करते एसडीएम सरकाघाट राहुल जैन।

क्या कहती हैं अमरोह पंचायत की प्रधान मीना देवी

भोरंज उपमंडल की अमरोह पंचायत मीना देवी का कहना है कि अमरोह पंचायत के गुदवीं गांव के लोग सीर खड्ड के किनारे मोक्षधाम का निर्माण करना चाहते हैं। इसके लिए ग्रामीणों ने दान दी गई भूमि पर ऐंगल लगाना शुरू किया था। जिसे डली के ग्रामीणों ने रोक दिया है। सरकाघाट एसडीएम के सामने भी कोई हल नहीं निकल पाया।

मंडी जिला की है भूमि

सरकाघाट उपमंडल की दारपा पंचायत प्रधान कमलेश नेगी का कहना है कि मोक्षधाम के निर्माण स्थल की भूमि मंडी जिला की है। इस भूमि के साथ ही लोगों के रिहायशी मकान है। इसलिए लोग यहां पर मोक्षधाम बनाने के लिए मना कर रहे है।

हमीरपुर कॉलेज में स्किल डेवेलपमेंट पर कार्यशाला

हमीरपुर। डॉ. राधाकृष्णन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की स्किल डेवेलपमेंट लैबोरेटरी कौशल विकास प्रयोगशाला में विभिन्न विभागों में तैनात फैकल्टी के लिए 3 दिवसीय स्किल डेवेलपमेंट ट्रेनिंग कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के समापन अवसर पर डॉ. राधाकृष्णन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की प्रधानाचार्य डॉ. सुमन यादव विशेष तौर पर उपस्थित रही। डॉ. सुमन यादव ने बताया कि 19 से 21 अप्रैल तक इस कार्यशाला का आयोजन स्किल डेवेलपमेंट लैबोरेटरी के नोडल अधिकारी डॉ. तरुण शर्मा की देखरेख में किया गया। जिसमें डॉ. रुचि शर्मा, टीचिंग कंसलटेंट, लेराडाल कंपनी की ओर से विशेष रूप से विभिन्न विषयों पर ट्रेनिंग सेशन अयोजित करने के लिए कार्यशाला में उपस्थित रही। डॉ. सुमन यादव ने बताया कि नेशनल मेडिकल कमीशन के नियमों के अनुसार स्किल डेवेलपमेंट ट्रेनिंग अब एमबीबीएस पाट्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है।डॉ. सुमन यादव ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में पहले भी स्टाफ, छात्रों व पुलिस के लिए आपातकालीन परिस्थितियों में मरीज को दिए जाने वाले इलाज के बारे में बीएलएस व एसएलएस प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

राज राजेश्वरी कॉलेज ने त्रिशा कॉलेज को हराकर जीता वॉलीबाल टूर्नामेंट

हिमाचल दस्तक ■ हमीरपुर

- शिवाली ठाकुर को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब

V.E.L.A.S.
NDN HP

विजय वल्लभ कॉलेज ऑफ एजुकेशन नादौन हमीरपुर में 19 और 20 अप्रैल को इंटर स्टेट बीएड कॉलेजों का वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें 12 टीमों ने भाग लिया। राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भोटा की टीम ने पहले मैच में नालंदा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हमीरपुर को 2-0 से हराया, क्वार्टरफाइनल मैच में विजय वल्लभ कॉलेज ऑफ एजुकेशन नादौन को 2-0 व सेमीफाइनल मैच में शरण महिला महाविद्यालय, कांगड़ा को 2-0 से हराया।

फाइनल मैच राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भोटा व त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन जोल सप्पड़ के बीच खेला गया। जिसमें राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा ने त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन को 3-0 सेट से हराया और टूर्नामेंट की ट्रॉफी पर कब्जा किया। इस जीत के साथ ही राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा की टीम ने इस टूर्नामेंट को लगातार दूसरी बार जीता। राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की शिवाली ठाकुर को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब व टीम को 3100 रुपये का इनाम मुख्य अतिथि शमी शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन मनजीत सिंह, कॉलेज के सेक्रेटरी कुलबीर सिंह ठाकुर, प्राचार्य डा. राज कुमार धीमान, गुलशन ठाकुर, कालेज, आशीष कुमार, सविता देवी, सभी प्राध्यापक, डीएलएड व बीएड के सभी प्रशिक्षु अध्यापक ने अपनी विजयी टीम को बधाई दी।

न्यूज फटाफट

अवाह देवी का महादंगल आज

अवाह देवी। अवाह देवी में जय माता अवाह देवी दंगल कमेटी 8वें विशाल दंगल का 22 अप्रैल को आयोजन करवाने जा रही है, जिसमें कई नामी पहलवान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिसमें स्टार पहलवान प्रितपाल फगवाड़ा, जस्सा पट्टी, गोपी लीरा, बेनिया जम्मू, मोनू दिल्ली तथा इनके अलावा कई विदेशी पहलवान भी जय माता महादेवी के दंगल में अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाएंगे। दंगल में डेढ़ लाख, 1 लाख, 50 हजार और 40 हजार की कई बंधी हुई कुश्तियां करवाई जाएंगी। दंगल 1 बजे से शुरू हो जाएगा सभी कुश्ती प्रेमी दंगल में सादर आमंत्रित हैं।

चकमोह स्कूल के 2 छात्रों को मिलेगी मेरिट स्कॉलरशिप

बड़सर। राजकीय हाई स्कूल चकमोह के दो छात्रों का राष्ट्रीय स्तरीय मेरिट स्कॉलरशिप में चयन हुआ है। मुख्याध्यापक सुरेंद्र कुमार ने बताया कि स्कूल के 2 छात्रों में नैनिका पुत्री राजीव कुमार कक्षा नौवीं व अंशुल कुमार पुत्र पवन कुमार कक्षा नौवीं का चयन राष्ट्रीय स्तरीय मेरिट स्कॉलरशिप में हुआ है। उन्होंने कहा कि इन दोनों छात्रों को हर माह एक एक हजार रुपये बारहवीं कक्षा तक मिलते रहेंगे। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए उक्त छात्रों व स्कूल स्टाफ को बधाई दी है। मुख्याध्यापक सुरेंद्र कुमार ने स्कॉलरशिप इंचार्ज जोगिंद्र सिंह को भी इसके लिए बधाई दी है। वहीं एसएमसी के प्रधान व सदस्यों ने इस उपलब्धि के लिए स्कूल के मुख्याध्यापक, स्कूल स्टाफ व बच्चों को बधाई दी। इसके अलावा ग्राम पंचायत चकमोह की प्रधान किरण शर्मा ने भी स्कूल स्टाफ व मेधावी छात्रों को इसके लिए बधाई दी है व बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

फस्टे गांव में मनरेगा कांग्रेस समिति का गठन

नादौन। नादौन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद ने नादौन विधानसभा की फस्टे पंचायत के फस्टे गांव में मनरेगा कांग्रेस समिति का गठन किया। जिसमें सुकर्ना देवी को प्रधान, रेणु देवी को उपप्रधान, रेणु कुमारी को महासचिव, रंजना को सचिव और रीना देवी, रिपी, रेखा देवी, रक्षा देवी, सुमना देवी, नीतू बाला, प्रवीण कुमारी, कांता देवी, उषा देवी को सदस्य नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

आम जनमानस से जयराम सरकार का कोई सरोकार नहीं

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश स्टेट बार काउंसिल सदस्य रोहित शर्मा एडवोकेट ने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जयराम सरकार के नाम से नहीं आमजन में भयराम सरकार के नाम से अपनी छाप छोड़ रही है। जनता महंगाई, बेरोजगारी, खस्ताहाल यातायात, भ्रष्टाचार से भय खा रही है। पिछले 3 महीने में जहां सीमेंट लगभग 75 रुपये, सरिया 20000 प्रति टन और रसोई गैस के दाम आसमान को छू रहे है, जिससे आम आदमी की जेब ढीली हो चुकी है। आम परिवार से संबंध रखने का दावा करने वाले मुख्यमंत्री ने आम आदमी से रोटी, कपड़ा और अपने मकान बनाने का सपना चकनाचूर कर दिया है। सीमेंट कंपनियां हिमाचल की अमूल्य संपदा का सस्ते दामों पर दोहन करके हर हिमाचली का शोषण कर रही हैं। प्रदेश की जयराम सरकार इन कंपनियों पर से अपना नियंत्रण खो चुकी है। पड़ोसी राज्यों पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में जहां सीमेंट सस्ता है, वहीं हिमाचल में सीमेंट के दाम आसमान छू रहे हैं। आम जनता से इस प्रकार का कोई सरोकार नहीं है।

वोट ऐंठने को लोक लुभावनी घोषणाएं लोकतंत्र की हत्या

हमीरपुर। जिला कांग्रेस कमेटी हमीरपुर के अध्यक्ष राजेंद्र जार ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक पार्टियां एवं सरकारें द्वारा विशेष तौर पर चुनावों के समीप आते ही जनता के वोट ऐंठने के लिए लोक लुभावनी घोषणाएं जिसमें आधारभूत आवश्यकताओं जैसे पानी, बिजली, खाने-पीने की वस्तुएं के मुफ्त उपलब्ध करवाने के वादे किए जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था की हत्या करने जैसा है। देश एवं प्रदेश की जनता की खून पसीने की कमाई को इस तरह सौगात के रूप में बांटने का अधिकार किसी को भी नहीं होना चाहिए। इस बात को लेकर सुप्रीम कोर्ट को गंभीर संज्ञान लेकर प्रतिबंध लगाना चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नकारात्मक और अपने उद्देश्य प्राप्ति के लिए भाजपा की तरह जनता को झूठ परोसने और भ्रमित कर आगे बढ़ने में विश्वास नहीं रखती है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी मजबूत है और सही दिशा में अग्रसर है उसने प्रदेश की जनता का दिल जीता है और वह चुनावों में जीत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है।

बेला में श्रीमद्भागवत कथा 29 अप्रैल से

नादौन। बेला पंचायत के वार्ड 2 में स्थित फार्मेसी कॉलेज के निकट 29 अप्रैल से 5 मई तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्री चैतन्य महाप्रभु गौड़िय मठ दंगड़ी के प्रभारी श्री भक्ति प्रसाद गिरि जी कथा व्यास होंगे। कथा का आयोजन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। इसका आयोजन कीर्तन मंडली बेला द्वारा करवाया जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन दंगड़ी मठ द्वारा अलग अंदाज में किया जा रहा है जबकि भक्ति प्रसाद गिरि जी प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे।

तकनीकी विवि में 10 जुलाई को होगा कॉमन एंट्रेंस टेस्ट

हिमाचल दस्तक ■ हमीरपुर

- विद्यार्थी 18 जून तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर का कॉमन एंट्रेंस टेस्ट एचपीसीईटी 10 जुलाई को होगा। तकनीकी विवि ने विभिन्न विषयों में दाखिला लेने के लिए इस बार कॉमन एंट्रेंस टेस्ट करवाएगा। जिसके लिए पात्र विद्यार्थी 18 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. राजेंद्र गुलेरिया ने कहा कि कोविड के चलते पिछले दो साल से प्रवेश परीक्षा नहीं हो पाई थी। इस बार तकनीकी विवि प्रशासन ने पूर्व की भांति प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर ही कार्उसेलिंग करने का निर्णय लिया है।

अधिष्ठाता शैक्षणिक ने कहा कि पात्र विद्यार्थी 21 अप्रैल से ही ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा से संबंधित डिटेल तकनीकी विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने तकनीकी विवि के सभी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों से को भी प्रवेश परीक्षा के लिंक को अपनी-अपनी वेबसाइटों पर लगाने के निर्देश दिए हैं। कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के लिए प्रदेश में 10 और एक परीक्षा केंद्र चंडीगढ़ में स्थापित किया जाएगा।

इन विषयों में दाखिला लेने के लिए होगा टेस्ट

तकनीकी विवि बीटेक, डायरेक्ट एंट्री, बी फार्मेसी, एलोपैथी, डायरेक्ट एंट्री, एमसीए, एमबीए, पर्यटन में दाखिला लेने वालों को पहले प्रवेश परीक्षा देनी होगी। बीटेक, बी फार्मेसी व एमसीए का कॉमन एंट्रेंस टेस्ट दस जुलाई को सुबह के सत्र में 9 से 11 बजे तक और एमबीए, पर्यटन की सायं के सत्र में 2 से 4 बजे तक आयोजित की जाएगी।

प्रदेश को आर्थिक गुलामी के दौर में धकेल रही बीजेपी : राणा

हमीरपुर। देश और प्रदेश को आर्थिक कंगाली के दौर में धकेलने की हर जुगत व जुगाड़ में लगी बीजेपी सरकार आम जनता को आर्थिक गुलाम बनाने के एजेंडे पर काम कर रही है। यह बात राज्य कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं विधायक राजेंद्र राणा ने कही। उन्होंने कहा कि महंगाई बढ़ाने के नए फंडे पर काम करते हुए अब सरकार ने रातोंरात 40 से 50 रुपये तक सीमेंट के दाम बढ़ा दिए हैं। राणा ने कहा कि सरकार जो मर्जी दलीलें दे ले लेकिन सीमेंट के दाम सरकार की कथित सहमति व मिलीभगत के बिना बढ़ाने का दुस्हास सीमेंट कंपनियां कतई नहीं कर सकती हैं। राणा ने कहा कि हैरानी यह है कि जमीन प्रदेश की, जंगल प्रदेश के तबाह हो रहे हैं। प्रदूषण के कारण सजा प्रदेश के लोगों को मिल रही है। सीमेंट ढुलाई में सड़कें प्रदेश की टूट रही हैं, लेकिन प्रदेश के लोगों को ही सीमेंट देश भर में सबसे महंगा मिल रहा है। यह अन्याय नहीं, घोर अन्याय है।

नेटबाल फेडरेशन कप के लिए भिवानी पहुंची हिमाचल की टीम

24 अप्रैल तक खेला जाएगा नेटबाल फेडरेशन कप

हिमाचल दस्तक ■ भोरंज

- फेडरेशन कप में देश की 8 बेस्ट टीमें ले रही हैं भाग

Venue: Shri Balaji Sr. Sec. School, Kalinga, Bhiwani (Haryana)
Organised by HARYANA NETBALL ASSOCIATION

हरियाणा राज्य के बालाजी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खारक भिवानी में 24 अप्रैल तक 13वां नेटबाल फेडरेशन कप खेला जाएगा। जिसमें देश भर की महिला और पुरुष वर्ग की 8 बेस्ट टीमें अपने खेल का प्रदर्शन करेंगी। हिमाचल प्रदेश नेटबाल संघ के महासचिव अशोक आनंद ने बताया कि हाल ही में छत्तीसगढ़ में हुई 38वीं राष्ट्रीय सीनियर नेटबाल प्रतियोगिता में पहले 8 स्थान पर रहने वाली टीमों का फेडरेशन कप के लिए चयन किया गया है। हिमाचल प्रदेश की महिला वर्ग की टीम भी फेडरेशन कप में भाग ले रही है। इसमें चंद किरण, अनु, भावना, रेणु शर्मा, चंपा देवी, नंदनी देवी, राधिका, शिक्षा व दो अन्य खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि राकेश कुमार को टीम कोच तथा सुनील अत्री को हिमाचल प्रदेश नेटबॉल संघ टीम मैनेजर नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि लड़कियों में हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना की टीमें भाग ले रही है। जबकि पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, असम व कर्नाटक की टीम भाग ले रही हैं।

हिमाचल प्रदेश की टीम ने प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर वीरवार को कड़ा अभ्यास किया। नेटबाल संघ के महासचिव अशोक आनंद ने कहा हिमाचल प्रदेश की टीम फेडरेशन कप में अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन करने करेगी।

पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर्स के लिए 27 अप्रैल तक करें आवेदन

नादौन। पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर्स के लिए आवेदन 27 अप्रैल शाम 5 बजे तक ही स्वीकार किए जाएंगे। खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सुलक्षणा कपिल ने बताया कि इच्छुक आवेदक इससे पूर्व बताए गए दस्तावेज तैयार करवा कर आवेदन करें। विभिन्न दस्तावेजों के 38 नंबर बनते हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिक पाठशाला भलूं, भडोली भगोर, ग्वाल-पत्थर, किटपल, नादौन बी, नादौन डी, बड़ा, बसारल बटाहली, बेला, भवड़ा, भूंपल, बूनी, चेली, चिल्लिंया, चोड्डू, चौकी, दंगडी, धनियाल, डोडन, फतेहपुर, गरयाली, गौना, घलूं, हरमंदिर मंडयाला, जगली, जगलू, जानी, जग्गियां, जीहण, जीवाणी, कमलाह, करोर, कोहला, कोटला कल्लर, मझियार, मवाल घाट, पलायल, नगहरड़ा, साधबड, सेरा, टिल्लू तथा माध्यमिक स्कूल ग्वाल पत्थर, बटाहली, बेला, चिल्लिंया, धनियाल, घलूं, जिहण, कमलाह, कंडरोला, किटपल व मवालघाट में मल्टीटास्क वर्कर्स के लिए पद भरे जाने हैं।

अणुकलां और दालढ़ा गांव में किसानों को बांटे मशरूम बैग

हिमाचल दस्तक ■ भोरंज

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय ने उन्नत भारत अभियान एवं डीआरएमआर अभियान परियोजना के तहत लगभग 22 गांवों को अंगीकृत किए हैं। जिसमें हमीरपुर से सांसद गांव अणुकला तथा सुजानपुर ब्लॉक से दालढ़ा पंचायत में ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में डिंगरी मशरूम इकाई स्थापित की तथा इसके साथ-साथ खेत दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के उन्नत भारत अभियान के समन्वयक डॉ. गुलशन शर्मा, गांव इंचार्ज डा. प्रियंका शर्मा व निशु कुमारी भी उपस्थित रहीं।

इस कार्यक्रम में ग्रमीणों को डिंगरी मशरूम उत्पादन की विभिन्न किस्मों को वैज्ञानिक ढंग से मशरूम की खेती व इसके औषधिय गुणों के बारे में लोगों को जानकारी दी व इसकी उपयोगिता के बारे में भी बताया तथा इसके साथ-साथ ग्रामीणों को डिंगरी व मशरूम उत्पादन को व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया। इससे पहले भी उन्नत भारत अभियान के तहत 22 अंगीकृत गांवों के ग्रामीणों को रासायनिक खेती को कम करके प्राकृतिक खेती को अपनाने, फसल विविधिकरण जलवायु अनुकूलित तकनीकों, हाईब्रिड बीजों तथा सब्जियों का व्यवसायीकरण एवं पशु पालन, घास की विभिन्न प्रजातियों, पशुपालकों को अपनी घासनियों में इस तरह की घास की प्रजातियों लगाने, उन्नत घास की इन किस्मों से दूध की मात्रा व गुणवत्ता में बढ़ोतरी, हाईब्रिड बीज, मशरूम बैग, उन्नत घास के बीज भी प्रदान कर चुके हैं। उन्नत भारत अभियान द्वारा विभिन्न सामुदायिक विकास की स्कीमों के बारे में भी लोगों को जानकारी समय-समय पर मुहैया करवाता रहता है।

कर्मकारों को प्रशिक्षण दे रहा सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड

भोरंज। जिला हमीरपुर के उपमंडल भोरंज के विभिन्न पंचायतों में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत कर्मकारों को योग्यता आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। ट्रेनी सौरभ ठाकुर ने बताया कि कर्मकारों को कार्यस्थल पर किस तरह से काम करना है किस तरह से अपना बचाव करते हुए काम को सही तरीके से करना है। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग के उपरांत कर्मकारों की परीक्षा ली जाएगी और उसके बाद उनको योग्यता के आधार पर प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। यह कार्यक्रम प्रदेश के 4 जिलों हमीरपुर बिलासपुर सोलन व किन्नौर में चलाया जा रहा है।

नादौन अस्पताल में जांचा 700 लोगों का स्वास्थ्य

हिमाचल दस्तक ■ नादौन

आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नादौन अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ एचआरटीसी उपाध्यक्ष विजय अग्निहोत्री ने किया। अग्निहोत्री ने कहा कि नादौन क्षेत्र में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भाजपा सरकार की क्षेत्र को बड़ी सौगात है।

इस कॉलेज के बनने से लोगों को उपचार के लिए बाहरी राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने मेले में विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। इससे पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरके अग्निहोत्री व बीएमओ डॉ. बीएस राणा ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया।इस दौरान आयुर्वेदा विभाग ने भी 4 स्टाल लगाए थे। वहीं ओपीडी के दौरान 700 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस दौरान लोगों को दवाइयां भी वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान डॉ. शुभम, डॉ. सविता राणा, डॉ. आशुतोष, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरदयाल सिंह, महामंत्री पवन शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष तरुण कपिल, उपाध्यक्ष योगराज, शहरी भाजपा अध्यक्ष राजकुमार सोंधी, ओंकार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

आइनॉक्स विंड लिमिटेड
INOXWIND
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गौव बसल, जिला ऊना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआइएन: L31901HP2009PLC031083 | टेलीफोन/फैक्स: 01975 272001 | ई–मेल: investors.iwl@inoxwind.com | वेबसाइट: www.inoxwind.com

शेयरधारकों हेतु 9वीं असाधारण आम बैठक तथा ई–वोटिंग से सम्बंधित सूचना की जानकारी

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी की नौवीं असाधारण आम बैठक (ईजीएम) शुक्रवार, 13 मई, 2022 को 12:30 बजे अपराह्न (भारतीय मानक समय) पर, कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के लागू होने योग्य प्रावधानों के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') द्वारा निर्गत प्रासंगिक परिपत्रों के अनुपालन में, विडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो–विजुअल मीन्स (ओएवीएम) सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाएगी। सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ही ईजीएम में भाग लेने में सक्षम होंगे।

9वीं ईजीएम की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को प्रेषित की गई है जिनका ईमेल पता कम्पनी अथवा डिपॉजिटरीयों के साथ पंजीकृत है। ये दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.inoxwind.com स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात् बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com तथा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध हैं।

कम्पनी ने, कट–ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार, 6 मई, 2022 के अनुसार, भौतिक अथवा डीमैट तौर पर शेयरों की प्रतिरक्षा करने वाले अपने सभी सदस्यों हेतु ईजीएम में पारित होने वाले प्रस्तावों के सम्बन्ध में, सीडीएसएल के ई–वोटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से, ई–वोटिंग सुविधा ('रिमोट ई–वोटिंग' एवं 'ईजीएम के दौरान ई–वोटिंग') की व्यवस्था की है। केवल उपर्युक्त कट–ऑफ तिथि पर कम्पनी के शेयरों को प्रतिरक्षित रखने वाले सदस्य ही ई–वोटिंग सुविधा का लाभ पाने हेतु योग्य होंगे। वोटिंग का अधिकार (ई–वोटिंग सुविधा हेतु) कट–ऑफ तिथि के अनुसार कम्पनी के सदस्य(ओं) के नाम पर पंजीकृत शेयरों के प्रदत्त मूल्य पर आकलित किया जाएगा। सभी योग्य सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे ई–वोटिंग सुविधा की समय–सारणी का ध्यान रखें:

विवरण	दिनांक
सूचना का प्रेषण पूर्ण होने की तिथि	अप्रैल 21, 2022
रिमोट ई–वोटिंग आरम्भ होने की तिथि एवं समय	मई 10, 2022, प्रात: 9:00 बजे
रिमोट ई–वोटिंग समाप्त होने की तिथि एवं समय	मई 12, 2022, सायं 5:00 बजे
ईजीएम के दौरान ई–वोटिंग की तिथि	मई 13, 2022
परिणाम के घोषणा की तिथि	ईजीएम के समापन के 2 कार्य दिवस के अन्दर

सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के सदस्य बनने वाले सभी योग्य सदस्य एवं व्यक्ति, ई–वोटिंग सुविधा, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित होने/भाग लेने हेतु प्रणाली तथा सदस्यों का ईमेल पता एवं फोन नंबर पंजीकृत/अद्यतन करने हेतु ईजीएम की सूचना में उल्लिखित निर्देशों का पालन कर सकते हैं। रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने वाले सदस्य वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में उपस्थित हो सकते हैं, परन्तु ईजीएम के दौरान पुनः अपना वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे। सदस्य द्वारा एक बार डाले गए वोट को तदनंतर उन्हें बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त समय–सारणी में निर्दिष्ट तिथि एवं समय के उपरान्त रिमोट ई–वोटिंग सीडीएसएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

ई–वोटिंग से सम्बद्ध किसी भी शिकायत के सम्बन्ध में सदस्य, श्री राकेश दल्वी, वरिष्ठ प्रबंधक, सीडीएसएल, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई–400013, ईमेल: helpdesk.evoting@cdslindia.com, टोल फ्री : 1800 22 55 33, से संपर्क कर सकते हैं।

मंडल के आदेशानुसार
कृते आइनॉक्स विंड लिमिटेड
हस्ता/–
दीपक बांगा
कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 21 अप्रैल, 2022

बड़ा स्कूल में छात्रों को सिखाए आपदा से निपटने के तरीके

हमीरपुर। हमीरपुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़ा में आपदा प्रबधंन के अंतर्गत मॉकड्रिल का आयोजन किया जिसमें बच्चों को प्राकृतिक आपदा भूकंप के आने पर कैसे बचाव किया जाए के बारे में सिखाया गया। इस अवसर पर गठित राहत टीमों ने छात्रों के बचाव का अभ्यास किया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने छात्रों को भूकंप आने पर 3 बातों झुको, छुपो और पकड़ो के बारे में जानकारी दी। आपदा प्रबंधन प्रभारी अदीप शर्मा ने छात्रों को आपदा से बचाव के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस अवसर पर नरेश, दलजीत, रजनीश, स्वरूप, मनोज, रीता देवी, आरती रानी, मीना कुमारी, कल्पना इत्यादि स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

बिझड़ी कस्बे के दुकानदारों ने लिया 25 फीसदी रेट बढ़ाने का फैसला

मिठाई विक्रेता बढ़ाएंगे मिठाइयों के दाम

राजीव शर्मा ■ बिझड़ी

- महंगाई से बढ़ी दिक्कतें, हर चीज की कीमत छू रही आसमान

लगातार बढ़ रही महंगाई के चलते आम जनमानस की दिक्कतें लगातार बढ़ती जा रही है। मध्यम व गरीब वर्ग के परिवारों को इस महंगाई के दौर में गुजर-बसर करना एक चुनौती बन चुका है। हर छोटी से बड़ी चीज के दाम आसमान को छूने लग हैं।

ऐसे में अब दुकानदारों और मुख्य रूप से मिठाई विक्रेताओं को भी इस महंगाई ने प्रभावित किया है। ऐसे में अब बड़सर उपमंडल के बिझड़ी कस्बे के दुकानदारों द्वारा मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें सभी दुकानदारों ने निर्णय लिया कि अब महंगाई काफी हो गई है और सरसों का तेल, रिफाइंड, पेट्रोलियम गैस, बिजली इत्यादि सब कुछ महंगा हो गया है और इन्हें भी अब अपने खाद्यान्न प्रोडक्ट तैयार करने में काफी खर्च आ रहा है। उन्होंने सामूहिक निर्णय लिया कि वे जितने भी मिठाई के प्रोडक्ट हैं जिनमें की बर्फी, रसगुल्ला, जलेबी, समोसे और भी जितने प्रोडक्ट हैं उनमें भी 20 से 25 पर्सेंट मूल्य की बढ़ोतरी करेंगे।

इन दुकानदारों में संजय शर्मा, सतीश कुमार, चमेल सिंह ,विपिन कुमार शर्मा, रतन चंद स्वीट्स, बालाजी, ओम नमो नारायण स्वीट शॉप इत्यादि मिठाई विक्रेताओं ने कहा कि उन्हें अपने वर्करों को मानदेय देने में भी परेशानी हो रही है और अपने उत्पाद तैयार करने में भी भारी भरकम खर्च आ रहा है जो सरसों का 15 लीटर तेल पहले 2400 रुपये में आता था अब 2800 हो गया है और इतनी ही बढ़ोतरी रिफाइंड तेल में भी हुई है और पानी का बिल भी काफी आ रहा है क्योंकि महंगाई इस कद्र हो चुकी है कि अगर पहले वाले रेट पर ही अपने उत्पाद बेचेंगे तो आने वाले समय में उन्हें अपने परिवार का पालन-पोषण करना कठिन हो जाएगा।

इसलिए उन्होंने सामूहिक रूप से निर्णय लिया की मिठाई उत्पादों में 25 फीसदी के लगभग बढ़ोतरी की जाएगी।